ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 11-08-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-08-11 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-08-12	2023-08-13	2023-08-14	2023-08-15	2023-08-16
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	34.0	34.0	35.0	35.0	34.0
न्यूनतम तापमान(से.)	26.0	26.0	27.0	27.0	26.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	71	72	74	74	73
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	45	51	51	48	40
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	31	31	28	26	26
पवन दिशा (डिग्री)	218	212	206	208	211
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	7	7	7	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले पांच दिनों में आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

किसानों भाई खेत में नमी संरक्षण के लिए उचित व्यवस्था करें। मृदा के उपरी सतह से वाष्पीकरण को कम करने हेतु खरपतवारों से मृदा आच्छादन करें।

लघु संदेश सलाहकार:

दलहनी फसलों में लूपर, सेमी लूपर कीट के प्रभावी नियंत्रण के लिये इन्डोक्साकार्ब 15.80 ई.सी. 1 मिली प्रति दो लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। छिडकाव आसमान साफ होने पर करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	मूंग की फसल में पीतशिरा मोजेक रोग का प्रकोप दिखाई देने पर डाइमिथोएट 30 ई.सी. एक लीटर का प्रति हैक्टयर की दर से छिडकाव करें। छिडकाव आसमान साफ होने पर करें।
बाजरा	बाजरा में फाल आर्मी वर्म कीट के प्रभावी नियंत्रण के लिये क्लोरेन्ट्रेनिलिप्रोल 18.5 एस.सी. 1 ग्राम प्रति 03 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें। छिडकाव आसमान साफ होने पर करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
ग्वारफली	आने वाले दिनों में अधिक आपेक्षिक आद्रर्ता तथा बादल छाये रहने के कारण ग्वार की फसल में चुसने वाले कीड़ो जैसे हरा तेला, थ्रिप्स आदि का प्रकोप बढ़ सकता है। अतः कीटो के नियंत्रण के लिए इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. का 200 एम एल प्रति हेक्टर की दर से साफ़ मौसम में छिड़काव करे।
मूँग	मूंग की फसल की नियमित रूप से निगरानी करें अगर सफेद मक्खियों या रस चूसने वाले कीटो का प्रकोप अधिक होने पर इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एस.सी का 1.0 मिलीलीटर प्रति 3 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मिर्च	मिर्च की फसल मे रस चूसने वाले कीटों के नियंत्रण हेतु क्यूनालफॉस 25 ई.सी. एक लीटर का प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।